खगपति राम कथा मैं बरनी। स्वमति बिलास त्रास दु:ख हरनी।।
राम कथा गिरिजा मैं बरनी। कलि मल समनि मनोमल हरनी।।
|| Ram Katha 936 - मानस रामकथा || Gondal, Gujrat || मोरारी बापू ||

सांध्य दैनिक
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 312 | इंदौर, शनिवार 25 मई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

**Headline**

1. छठे चरण में 9 बजे तक 10.82% मतदान, बंगाल में सबसे ज्यादा तो ओडिशा में सबसे कम वोटिंग
2. MP: नदी में डूबने से तीन बच्चों की हुई मौत, SDRF की टीम ने दो बच्चों के शवों को निकाला बाहर; एक की तलाश जारी

# बारूद फैक्ट्री में ब्लास्ट, जोरदार धमाके से दहल उठा बेमेतरा

❒ हादसे में नौ लोगों के मारे जाने की खबर

**बेमेतरा। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा से बड़ी खबर आ रही है। यहां एक बारूद फैक्ट्री में ब्लास्टिंग की खबर है। बारूद फैक्ट्री में हुए ब्लास्ट के बाद लोगों में हड़कंप मच गया। खबरों के अनुसार ब्लास्टिंग में नौ लोगों के मारे जाने की खबर है। इस जोरदार धमाके में कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है। धमाके में घायलों को रायपुर के एम्स में भर्ती किया गया है।**






घटना के बाद इलाके के लोग दहशत में हैं। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। वहीं जिला प्रशासन की टीम भी घटनास्थल पहुंच गई है। यह पूरी घटना बेमेतरा के बेरला ब्लॉक के ग्राम बोरसी का है। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में बारूद फैक्ट्री में बड़ा हादसा हो गया। यहां फैक्ट्री में ब्लास्ट से कई लोगों के मारे जाने की खबर है। वहीं धमाके की आवाज से पूरा इलाका दहल गया। सूचना के बाद जिला प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई है। वहीं घटना के बाद रायपुर और दुर्ग से दमकल वाहन और एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम रवाना हो गई है। रायपुर से एक और दुर्ग से दो दमकल की वाहन मौके के लिए रवाना हुए हैं। वहीं रायपुर से एसडीआरएफ की 20 सदस्यीय रेस्क्यू टीम रवाना हुई।

जानकारी के अनुसार यह घटना बेमेतरा जिले के बेरला ब्लॉक के ग्राम बोरसी की है। यहां बारूद फैक्ट्री में ब्लास्ट हो गया। इनकी चपेट में आने से कई लोगों के मारे जाने की खबर है। जबकि कई लोग घायल हैं। बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त बारूद फैक्ट्री में करीब 100 लोग काम कर रहे थे। बारूद फैक्ट्री में होते ही पूरा इलाका दहल गया। पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। लोग घरों से निकलकर इधर-उधर देखने लगे। कुछ ही देर में घटनास्थल पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई।

कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

## पचमढ़ी में पारा 37.8, बाकी शहरों में 40 के पार

### रोज 1 हजार से ज्यादा पर्यटक आ रहे, नागपुर की टूरिस्ट बोलीं- यहां मौसम अच्छा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम। नौतपा में मध्यप्रदेश तप रहा है। अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार है। लेकिन, हिल स्टेशन पचमढ़ी में पारा बाकी शहरों के मुकाबले कम है। पचमढ़ी में अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम 22 डिग्री के आसपास है।**

शुक्रवार को यहां अधिकमत तापमान 37.8 डिग्री, न्यूनतम 22.6 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। यह शिमला से 5.2 डिग्री ज्यादा है, वहां शुक्रवार रात का पारा 17.4 रिकॉर्ड हुआ है। शुक्रवार को 1 हजार से ज्यादा पर्यटक पचमढ़ी पहुंचे। 150 फीट ऊंचाई से गिरता बी फॉल, अप्सरा झरना और यहां की हरियाली टूरिस्ट को पसंद आ रही है।

नागपुर से आईं टूरिस्ट महक ने कहा, 'बी फॉल झरने के ठंडे पानी ने मुझे नहाने को मजबूर कर दिया। यहां मौसम काफी अच्छा है। धूपगढ़ से सूर्यास्त देखा। पहली बार इतनी ऊंचाई से सूर्यास्त का सुंदर नजारा देखा।'



### ट्रैकिंग की, झील में बोटिंग...

हरदा से आए अंशी यादव ने कहा, 'परिवार के साथ पहली बार पचमढ़ी आए हैं। यहां गर्मी तो है, लेकिन दूसरे शहरों जितनी नहीं। चौरागढ़ महादेव, बड़ा महादेव की ट्रैकिंग हमने की। काफी अच्छा अनुभव रहा।' अमरावती (महाराष्ट्र) से आईं गौरी ने कहा, 'पचमढ़ी का मौसम बहुत बढ़िया है। यहां के सनसेट पॉइंट, धूपगढ़, बी फॉल, महादेव मंदिर, पांडव गुफा, राजेंद्र गिरी पॉइंट, हांडी खो देखा। झील में बोटिंग भी की।

### पचमढ़ी में साफ-सफाई भी अच्छी...

हमीरपुर (यूपी) से आए अरुण कुमार परिवार के 8 लोगों के साथ पचमढ़ी घूमने आए। बोले, 'पचमढ़ी को सतपुड़ा की रानी कहा जाता है, ऐसा हमने किताबों में पढ़ा था। इसलिए यहां देखने आए हैं। यहां हरियाली और खूबसूरत पहाड़ हैं। बी फॉल का पानी कांच जैसा है। हम श्रीनगर, उत्तराखंड समेत और भी हिल स्टेशन गए, वहां गंदगी मिली, पचमढ़ी की सफाई से कहा जा सकता है कि यह सच में सतपुड़ा की रानी है।

### भगवान शिव के अलग-अलग मंदिर

पचमढ़ी हिल स्टेशन पहाड़ी से घिरा हुआ है। यह ऊंची-ऊंची पहाड़ी के साथ हरे-भरे जंगल देखने को मिलते हैं। घाटियां घास, चीड़, देवदारु, सफेद ओक, यूकेलिप्टस, गुलमोहर, जामुन, साज, साल के पेड़ से ढंकी हुई हैं। पर्यटकों की भीड़ 12 महीने रहती है। इसे शिव की नगरी भी कहा जाता है, क्योंकि यहां भगवान शिव के अलग-अलग मंदिर हैं। जटाशंकर, चौरागढ़, बड़ा महादेव, गुप्त महादेव, नागद्वारी जैसे प्रसिद्ध मंदिर है। सिल्वर फॉल, डचेस फॉल, अप्सरा बिहार पर्यटकों के पसंदीदा भ्रमण पॉइंट हैं।

# पत्रकार पर हुए हमले की मीडिया जगत ने की निंदा

## पुलिस कमिश्नर ज्ञापन सौंपा, हमलावरों के घरों पर चले बुल्डोजर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में खुलेआम हो रही गुंडागर्दी से आम नागरिक खौफजदा है। हालात यह हो रहे है कि गुंडे पुलिस और पत्रकारों पर भी हमले से नहीं चूक रहे। गुरुवार देर रात दो घटनाओं ने साबित कर दिया कि इंदौर में अपराधी बेखौफ है। यह आरोप शहर के वरिष्ठ पत्रकारों ने पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता के समक्ष लगाए। गौरतलब है कि गुरुवार देर रात एक समारोह में वरिष्ठ पत्रकार अंकुर जायसवाल पर हथियारबंद गुंडों ने जानलेवा हमला कर दिया था। जायसवाल पर हुए इस हमले से आक्रोशित पत्रकारों का एक दल इंदौर प्रेस क्लब के बैनर तले पुलिस कमिश्नर से मिलने पहुंचा।**



### सभ्य समाज को डराने की कोशिश

कुख्यात गैंगस्टर द्वारा घेर कर जायसवाल पर हमला किया। यह हमला सभ्य समाज को भयभीत करने का भी जरिया है, गुंडा तत्वों का संदेश है कि आज कलम के सिपाही भी महफूज नहीं। इस हमले की भर्त्सना करते करते हुए प्रेस क्लब की ओर से एक ज्ञापन भी दिया गया। इस ज्ञापन में मांग करी गई कि हमलावर गुंडा तत्वों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए और हमलावरों के घरों पर बुलडोजर चलाया जाए। पुलिस को चाहिए कि अपराधियों तत्वों में उसका खौफ पैदा हो और आम शहरी को सुरक्षा का अहसास दिलाया जा सके। प्रतिनिधि मंडल में प्रेस क्लब के महासचिव हेमंत शर्मा, उपाध्यक्ष द्वय प्रदीप जोशी, दीपक कर्दम, कोषाध्यक्ष संजय त्रिपाठी, कार्य समिति सदस्य अभय तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार मांगीलाल चौहान, महेश मिश्रा, दीपक यादव, बंटी गुंजल दीपक जैनअभिषेक रघुवंशी, कमलेश्वर सिंह, मनसुख परमार घनश्याम डोंगरे सुमित ठक्कर सचिन शर्मा एल के पंडित विकास सिंह सोलंकी सहित अनेक साथी मौजूद थे।

## वरिष्ठ नागरिक डे केयर सेंटर द्वारा सुगम संगीत गायन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

इंदौर। महालक्ष्मी नगर, इन्दौर स्थित पायोनियर संस्थान में संचालित वरिष्ठ नागरिक डे केयर सेंटर ने अपनी स्थापना के 12 वर्ष पूर्ण करने के अवसर पर पायनियर वरिष्ठ नागरिक सुगम संगीत प्रतियोगिता आयोजित की गयी। केंद्र के समन्वयक राजन रानाडे ने बताया कि प्रतियोगिता में इन्दौर एवं प्रदेश के अन्य शहरों से पधारे लगभग 150 वरिष्ठ नागरिक महिला पुरुषों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में नागरिक जिसकी उम्र 60 वर्ष या अधिक रही एवं गैर प्रोफेशनल गायक थे, उन्हें ही इस प्रतियोगिता में शामिल किया गया। सभी गायकों ने आर्केस्ट्रा के साथ सदाबहार फिल्मी गीतों की प्रस्तुतियां दी। प्रतियोगिता संयोजक राजेंद्र कुलकर्णी ने बताया कि यह प्रतियोगिता चार चरणों में आयोजित की गई थी, पहला ऑडिशन, दूसरा एलिमिनेशन, तीसरा सेमीफाइनल एवं चौथा चरण फाइनल राउंड का रहा। इस प्रतियोगिता में सफल 3 प्रतियोगियों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## बिजली कर्मचारियों ने अथक मेहनत कर आधी रात को बदले ट्रांसफार्मर

### फाल्ट सुधारने एवं ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने पर भी जोर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सतत दो दिन से शहर का तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के उपर है। भीषण गर्मी में बिजली कर्मचारी भी दिन रात सेवा में जुटे है। गुरुवार-शुक्रवार की रात पाटनीपुरा, अमृत पैलेस निपानिया में 200 केवी के ट्रांसफार्मर में खराबी आ गई। बिजली कर्मचारियों ने मात्र तीन घंटे में दोनों ट्रांसफार्मर बदलकर सैकड़ों उपभोक्ताओं की बिजली रात में ही सुचारू की। जहां ट्रांसफार्मर पर अतिभार की स्थिति सामने आ रही है, वहां भी ट्रांसफार्मर बदलकर व अन्य उपायों के माध्यम से समय पर समाधान किया जा रहा है। लाइन फाल्ट होने एवं व्?क्तिगत फ्यूज ऑफ कॉल संबंधी शिकायतों का भी समाधान किया जा रहा है। शिकायत निवारण के उपरांत पुष्टि के लिए कॉल भी लगाए जा रहे है। बीती रात ही खंडवा रोड राधा स्वामी परिसर के पास केबल में तकनीकी खराबी आने से जलने पर उसे कम समय में रात में बदल कर व्यवस्थाएं सामान्य की गई। शहर अधीक्षण यंत्री श्री मनोज शर्मा ने बताया कि रात में ढाई सौ से ज्यादा कर्मचारी सेवाएं दे रहे है। इसमें 40 इंजीनियर भी शामिल है। इधर ग्रिड, ट्रांसफार्मर के पास पानी डालने एवं पंखे, कूलर के माध्यम से तापमान नियंत्रित रखने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। शुक्रवार दोपहर अन्नपूर्ण ग्रिड समेत अन्य स्थानों पर कूलर का इंतजाम किया गया।

## एमपीपीएससी 2023 : दो गलत सवालों के मामले में हाईकोर्ट का स्टे

❑ सिंगल बेंच ने दो सवालों को गलत माना था, डबल बेंच ने इस आर्डर पर स्टे कर दिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मप्र हाईकोर्ट की सिंगल बेंच के आर्डर में एमपीपीएससी प्री 2023 के दो सवालों को गलत माना गया था। इसमें एक सवाल डिलीट कर सभी को दो अंक देने और एक के जवाब को सुधार करके उसके अंक देने के आदेश दिए गए थे। अब मप्र हाईकोर्ट की सिंगल बेंच के आर्डर पर शुक्रवार को स्टे हो गया। सिंगल बेंच का आर्डर बुधवार को जारी हुआ था। पीएससी ने गुरुवार (23 मई) को अवकाश के दिन रिट अपील दायर की, शुक्रवार को मेंशन लिया और दो मिनट की सुनवाई के बाद ही सिंगल बेंच के आर्डर पर स्टे हो गया। सुनवाई चीफ जस्टिस रवि मलिमठ और जस्टिस विशाल मिश्र की डबल बेंच में हुई।

अंशुल तिवारी इस केस में उम्मीदवारों के अधिवक्ता हैं। उन्होंने इस मामले में कोर्ट से समय मांगा क्योंकि याचिका तेजी से लगी। उन्होंने कहा कि सोमवार तक का समय दें। इस पर चीफ जस्टिस ने समय देने से इनकार कर दिया। उन्होंने सिंगल बेंच के आर्डर पर स्टे कर दिया। आने वाले दिनों में अब इस मामले में सुनवाई होगी और फिर फैसला होगा। हाईकोर्ट की सिंगल बेंच के आर्डर में प्री 2023 के दो सवालों को गलत माना था, इसमें एक सवाल डिलीट कर सभी को दो अंक देने और एक के जवाब को सुधार कर उसके अंक देने के आदेश दिए थे। साथ ही कहा था कि राज्य वन सेवा परीक्षा 2023 का प्री का रिजल्ट फिर जारी कर मेन्स ली जाए, लेकिन अब इन सभी बातों पर स्टे हो गया है। यदि स्टे लंबा चला तो फिर ऐसे में पीएससी 30 जून को राज्य वन सेवा मेन्स कराने के लिए भी स्वतंत्र रहेगा और यह परीक्षा तय समय पर होगी।

## बुद्ध के विचारों में अंधविश्वास के लिए कोई स्थान नहीं -ऐरन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भगवान बुद्ध ने समाज में नैतिक मूल्यों को अधिक महत्व दिया था। उनके विचारों में अंधविश्वास के लिए कोई स्थान नहीं था।बुद्ध मार्ग दाता थे, मोक्षदाता नही, उन्होंने समाज को अपना दीपक स्वय बनने की प्रेरणा दी थी। ये विचार समाजसेवी राम ऐरन के हैं, जो उन्होंने गीता भवन ट्रस्ट द्वारा आयोजित बुद्ध जयंती के मौके पर मुख्य अतिथि बतोर व्यक्त किये। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में डी आर डी ओ रक्षा मंत्रालय के सेवानिवृत मुख्य प्रशासनिक अधिकारी पुरुषोत्तम वाघमारे ने कहा कि समता, विश्व बंधुत्व तथा शांति के मार्ग से ही मानव समाज का कल्याण हो सकता है।

## शारदा उत्सव में नृत्य, भक्ति संगीत एवं भाव गीतों की हुई सुंदर प्रस्तुति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। महाराष्ट्र साहित्य सभा के 62 वे शरदोत्सव के तहत् शुक्रवार शाम एम.जी.रोड स्थित गांधी हॉल में नृत्य,भक्ति संगीत एवं भावगीतो से समावेशीत अविस्मरणीय आयोजन रामराय ते शिवराय नृत्य अविष्कार प्रस्तुत किया गया। गौतम काले के दिग्दर्शन,रंजना ठाकुर की संकल्पना से सुसज्जित इस कार्यक्रम की नृत्य निर्देशक कीर्ति साठे एवं उत्तम निवेदन मानसी तरानेकर ने किया। माय मराठी गीत कृतिका मुले ने प्रस्तुत किया।कार्यक्रम का प्रारंभ जय जय राम कृष्ण हरि समूह नृत्य से हुआ।तत्पशात क्रमशः भक्ति गीत ,भाव गीत,एवं नयनाभिराम नृत्य प्रस्तुत किए गए। रामा रघुनंदना, रूनूझुनु री भ्रमरा, सांझ ये गोकुली,दशरथा घे ये पायसदान,देवाचियी द्वारी , चांदणी शिम्पीत जाशी आदि सुंदर बन पड़े।नृत्य प्रस्तुति ,सोहम हर डमरू बाजे ,इंद्रायणी काठी , पोवाडा प्रस्तुति ने दर्शकों को मोहित कर दिया। उगवला चंद्र पूवेचां, घेई चंद मकरंद,अबीर गुलाल गीत सुंदर बन पड़े।अंत में आरती से भक्तिभाव का वातावरण निर्मित हुआ। खचाखच भरे सभागृह में दर्शकों की उपस्थिति अंत तक बनी रही। प्रारंभ में अतिथिगण भारती ताई ठाकुर ( प्रव्राजिका विशुद्धानंदा) नर्मदालय, समाजसेवी एड.स्वाती काशिद , क्षेत्रीय पार्षद सुरेश टाकळकर , शरदोत्सव अध्यक्ष योगेश सोमण,कार्याध्यक्ष प्रदीप चौधरी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।सभा अध्यक्ष अश्विन खरे, सचिव प्रफुल्ल कस्तूरे मंचासीन थे। स्वागत प्रदीप चौधरी, अश्विन खरे, प्रफुल्ल कस्तूरे,दीपाली सुदामे,आकांक्षा कुटुम्बले,सुधीर दांडेकर, मदन बोबडे,आनंद कानडकर ने किया।

## तुलसी नगर में 30 दिवसीय योग शिविर

### महिलाएं-बुजुर्ग ले रहे योगाभ्यास का लाभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इन्दौर के तुलसी नगर में 30 दिवसीय योग शिविर का आयोजित किया जा रहा है। तुलसी नगर एवं आसपास के कॉलोनियों के रहवासियों में स्वास्थ्य के प्रति चेतना जागृत करने तथा योग के माध्यम स्वस्थ्य रहने एवं स्वास्थ्य जीवन जीने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से श्री तुलसी सरस्वती सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने तुलसी नगर के सरस्वती मंदिर स्थित योग केंद्र पर 30 दिवसीय योग शिविर हरिओम योगपीठ के सहयोग से चलाया जा रहा है। शिविर में रोजाना सुबह 7.30 बजे से 8.30 बजे तक हरिओम योगपीठ के संस्थापक योग गुरु रमेश पाटिल योग एवं प्राणायाम के विभिन्न क्रियाओं को सिखा रहे हैं। इस शिविर में तुलसी नगर सहित आसपास के कॉलोनियों की महिलाएं, बुजुर्ग एवं युवा नियमित रूप से योगाभ्यास कर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। श्री तुलसी सोशल वेलफेयर सोसाइटी से जुड़े के.के. झा, राजेश तोमर, शंभुनाथ सिंह, संजय यादव, बसंत नाइक ने कहा कि इस योग शिविर के आयोजन का उद्देश्य कॉलोनी के रहवासियों में योग के माध्यम से स्वस्थ रहने के लिए चेतना जागृत करना है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में कॉलोनी के रहवासी नियमित रूप से योग गुरु रमेश पाटिल के दिशा निर्देश में योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

## एग्जिट पोल और इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार करना एक जून की शाम 6:30 बजे तक प्रतिबंधित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। लोकसभा निर्वाचन-2024 की आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विगत 28 मार्च को जारी अधिसूचना के अनुसार आदर्श आचार संहिता के दौरान एक जून 2024 की शाम 6:30 बजे तक निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार-प्रसार करना पूर्णतः प्रतिबंधित है। उन्होंने बताया कि आयोग की अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार के ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामलों के प्रदर्शन पर भी पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। उल्लेखनीय है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126क में यह प्रावधानित किया गया है कि कोई भी व्यक्ति, कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का ऐसी अवधि के दौरान, जो निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचित की जाए, प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति से प्रसार भी नहीं करेगा। यदि कोई व्यक्ति इस प्रावधान का उल्लंघन करेगा, तो वह ऐसी अवधि के कारावास से, जो दो वर्ष तक की हो सकेगी या जुमार्ने से या दोनों से, दण्डनीय होगा।

# बढ़ते सडक़ हादसों को लेकर पुलिस कमिश्नर ने जताई चिंता

## अधिकारियों की बैठक लेकर रोकथाम के दिए निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सडक़ हादसों में लगातार हो रही मौतों को लेकर पुलिस कमिश्नर ने चिंता जताते हुए कहा कि आप लोगों को अध्ययन करना चाहिए कि इन सडक़ दुर्घटनाओं में कैसे अंकुश लगाया जाए ताकि उस पर बेहतर ढंग से काम कर आंकड़ों को कम किया जा सके।**

शहर में बढते अपराधों को लेकर पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता ने शुक्रवार को अफसरों की बैठक लेकर समीक्षा की। बैठक में एडिशनल पुलिस कमिश्नर अमित सिंह,मनोज श्रीवास्तव,डीसीपी अभिनय विश्वकर्मा, पकंज पांडे, विनोद कुमार मीना ,त्रषिकेश मीना सहित एडिशनल डीसीपी, सभी एसीपी आदि स मिलित हुए। बैठक में श्री गुप्ता ने अलग अलग बिंदुओं पर अफसरों से चर्चा की और उनका अभिमत भी जाना ताकि अपराधों की रोकथाम की जा सके। बैठक में सबसे पहले हाल में हुई हत्याओं को लेकर समीक्षा की गई। जिसमें अफसरों ने कमिश्नर को बताया कि जो भी हत्याएं वर्तमान में हुई हैं उसमें वारदात को रिश्तेदार या उसके किसी करीबी ने ही अंजाम दिया है। गैंगवार में किसी तरह की कोई हत्या नहीं हुई हैं वहीं पिछले साल की अपेक्षा इस साल हत्याएं भी कम हुई हैं। वहीं सडक़ हादसे में लगभग हर दिन किसी ना किसी की जान जा रही है इसको लेकर पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता बैठक में चिंतित नजर आए उन्होंने कहा कि सभी अफसर अध्ययन करें कि आखिरकार सडक़ हादसे तेजी से क्यों बढ रहे हैं और इसमें अंकुश कैसे लगाए जाए सभी अफसर अगली बार बैठक में आंए तो इस मुद्दे पर अध्ययन करके आंए और अपना अभिमत रखें ताकि इस दिशा में काम किया जा सके।

### कैमरों का बढाएं नेटवर्क

बैठक में पुलिस कमिश्नर ने अफसरों से कहा कि कैमरों का नेटवर्क बढाया जाए ताकि तीसरी आंख से सब पर पैनी नजर रखी जा सके ताकि कंही कोई घटना घटित होती है तो फौरन आरोपी को ट्रेस किया जा सके।

### मौके पर जाए बीट का जवान

बैठक में खाशबात कमिश्नर ने ये कही कि छोटी मोटी लड़ाई झगड़े की घटना में सूचना मिलने पर केवल एफआरबी को मौके पर भेज दिया जाता है जबकि मौके पर कम से कम बीट वाले पुलिसकर्मी को जाना चाहिए ताकि विवाद की स्थिति को मौके पर ही निपटाया जा सके। ऐसे में उन्होंने बैठक में मौजूद सभी अफसरों को निर्देश दिए कि छोटी मोटी घटनाओं में भी बीट का जवान घटनास्थल पर जाए इसकी व्यवस्था की जाए।

### बारीकी से करें जांच

श्री गुप्ता ने बैठक में कहा कि शहर में मादक पदार्थों की खरीदी बिक्री पर पुरी तरह रोक लगाई जा सके इसके लिए बारीकी से हर मामले की जांच करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आपरेशन प्रहार चलाकर तस्करों को पकड़ा जा रहा है लेकिन इसकी तह तक जाना बेहद आवश्यक है कि आखिरकार ये माल कंहा से लाकर कंहा बेचते हैं तब जाकर पूरी चैनल को तोड़ा जा सके।

# ट्रैफिक पुलिस ने दी वाहन चालकों को राहत

## भीषण गर्मी को देखते हुए सिग्नलों का टाइम चेंज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भीषण गर्मी को देखते हुए शुक्रवार से डीसीपी यातायात अरविंद तिवारी के निर्देश पर ट्रैफिक सिग्नल की तकनीकी टीम द्वारा आवश्यकता अनुसार कुछ चौराहा के सिग्नल टाइमिंग में बदलाव किया गया है। खास तौर पर 11.&0 से 4.&0 बजे तक टाइमिंग जरूरत के हिसाब से कम किया गया। जिसमें मु य रूप से बीआरटीएस के स्किम नंबर 78 चौराहा पर पूरे सर्कल में 145 से कम कर 111 सेकंड का समय, सत्यसाईं पर 190 से कम कर 160 सेकंड, इंडस्ट्रीज हाउस तिराहा पर 144 से 114 सेकंड, पलासिया चौराहा पर 187 सेकंड से कम कर 142 सेकंड, गीताभवन पर 199 से 155, नवलखा पर 215 से 155 सेकंड का समय किया गया।

वाहन चालकों को रेड लाइट में 1 से 1.60 मिनट का ही इंतजार करना होगा। इसी प्रकार आवश्यकता अनुसार अन्य चौराहा पर भी टाइमिंग में बदलाव किया जा रहा। सिग्नल के समय में किए गए बदलाव के पश्चात यातायात का सुचारू रूप से चल रहा है। निश्चित रूप से वाहन चालकों को अनावश्यक धूप में खड़ा नहीं होना पड़ेगा और यातायात नियमों का पालन भी हो सकेगा। शाम 4.&0 के पश्चात पिक आवर्स में सिग्नल टाइमिंग पूर्व की तरह ही चलेगा।

## युवक की मौत

**इंदौर।** शराब पीने के बाद युवक ने सल्फास की गोलियां खा ली जिससे उसकी मौत हो गई । 22 वर्षीय कृष्णा पिता शिवचरण निवासी सिमरोल के शव का एमवाय अस्पताल में पीएम हुआ। वह मूलरूप से खंडवा जिले का रहने वाला था। सिमरोल में ह माली करता था। शराब के नशे में उसने सल्फास की गोलियां खा ली थी यह साफ नहीं हुआ कि उसने यह कदम क्यों उठाया है। दो साल पहले ही उसकी शादी हुई थी।

## अवैध शराब पकड़ाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। चिंतामन निवासी रामनगर को आजाद नगर पुलिस ने इंद्रा एकता नगर शनि मंदिर के पीछे से 60 लीटर अवैध शराब के साथ पकड़ा। शहीद पार्क सर्विस रोड से इंद्रपाल चौहान को विजयनगर पुलिस ने धारदार तलवार के साथ पकड़ा है। एमआर 9 रोड से देवकरण मालवीय को भी पुलिस ने चाकू के साथ गिर तार किया है। विजयनगर पुलिस ने आशुतोष और विवेक नामक दो युवकों को भी मादक पदार्थों का सेवन करते हुए पकड़ा है।

# गैस नली में लीकेज से लगी आग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। समीपस्थ महू के ड्रीमलैंड चौराहे के मालवा कॉम्प्लेक्स स्थित एक चाय नाश्ते की दुकान में शुक्रवार दोपहर को भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया, इस दौरान एक व्यक्ति ने गैस टंकी को तत्काल खींचकर बाहर निकाला, जिससे बड़ा हादसा टल गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिग्रेड ने आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 3.15 बजे मालवा कॉम्प्लेक्स में फ्रेश टी स्टाल नामक चाय नाश्ते की दुकान में चाय बनाने के दौरान गैस की नली में लीकेज हुआ और एकदम से आग भभक गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। इस दौरान पास की दुकान में खड़े बबलू नामक व्यक्ति ने तत्काल गैस की टंकी को खींचकर बाहर निकाला, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना के दौरान बबलू का हाथ भी जल गया। जानकारी लगते ही छावनी परिषद की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। घटना के दौरान तत्काल आसपास की दुकान बंद होने लगी और भगदड़ मच गई।

## झुलसी वृद्धा की मौत

इंदौर। चाय बनाने के दौरान एक वृद्धा झुलस गई थी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। 85 साल की कमलाबाई पति मदनलाल निवासी सर्वेट क्वार्टर राजमहल कालोनी के शव का जिला अस्पताल में पीएम हुआ। वह शनिवार को जल गई थी चाय बनाने के दौरान कमलाबाई ने गैस चालू किया और फिर उसे माचिस नहीं मिली तो वह माचिस ढूंढने लगी। माचिस मिलने के बाद जैसे ही उसने जलाया तो आग भभक गई और कमलाबाई बुरी तरह जल गई उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जंहा उसकी मौत हो गई।

## पत्नी ने देखा मोबाइल तो पति ने कर दी धुनाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला को उसके पति ने पीट दिया। बताया जाता है कि महिला अपने पति का मोबाइल फोन देख रही थी इसी बात पर उनके बीच में इतना विवाद हुआ कि उसे पीट दिया। रजनी सेंगर पिता पकंज सेंगर (&5) निवासी विदुर नगर की शिकायत पर उसके पति पकंज के खिलाफ केस दर्ज किया। महिला ने पुलिस को बताया कि पंकज घर आया तो वह उसका मोबाइल फोन उठाकर देखने लगी इस पर आरोपी ने उनके साथ में गाली गलौज करना शुरू कर दिया। उसे बोला कि मेरा फोन तूने छुआ कैसे। जब उसे बोला कि तुम दूसरी महिलाओं के चक्कर में लगे रहते हो। इस बात पर आरोपी भड़क गया और उसे पीट दिया। उसने हाथ में पहने कड़े से सिर पर मारा जिससे चोट लगकर खून निकलने लगा। उसने किसी तरह से अपने को बचाया और थाने पर पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज कराई।

# साइबर अपराधों के प्रकारों और इनसे बचने के तरीकों को बताए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पुलिस द्वारा साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये, इसके प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से लगातार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में शुक्रवार को एडीशनल डीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया ने टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस उक्त कंपनी के करीब 200 एम्प्लॉयीज, ट्रेनीज व स्टाफ को वर्तमान समय के साइबर अपराधों के प्रकारों और इनसे बचने के तरीकों को बताते हुए उन्हें पुलिस के पास आने वाली साइबर अपराधों की शिकायतों की केस स्टडी के आधार पर विभिन्न प्रकार के साइबर फ्राड,फाइनेंशियल फ्राड और सोशल मीडिया से संबंधित अपराधों के संबंध में व्यवहारिक ज्ञान दिया गया। उन्होंने कहा कि आप सभी तो इस नई तकनीकी दुनिया से रोज परिचित होकर और आगे ले जाने वाले हैं। आने वाले समय में और नई-नई तकनीके देखने को मिलेगी, तो हमें और नई चुनौतियां भी मिलेगी और उसका सामना हम जब ही कर सकते हैं जब हम सतर्क और जागरूक होंगे। अतः हम छोटी.छोटी बातों जैसे अपना निजी डाटा किसी अनजान से शेयर न करें,फर्जी लिंक पर क्लिक न करें,फर्जी और प्रलोभन देने वाले एप्स व साइट्स से सावधान रहें, आदि बातों का ध्यान रखकर अपनी वर्चुअल दुनिया को भी सुरक्षित बना सकते हैं। इंदौर पुलिस द्वारा साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने के इस अभियान के तहत यदि कोई स्कूल-कॉलेज, संस्थान, इकाई, कॉलोनी आदि में भी साइबर अवेयरनेस की कार्यशाला आयोजित करना चाहता है या कोई जानकारी चाहता है तो वह इंदौर पुलिस के नंबर 7049108197 पर संपर्क कर सकता है।

## चोरी भी करते हैं पर पुलिस पर हमले के आरोपी

**इंदौर।** कनाडिया बायपास पर पुलिस पर हमला करने वालों को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी बिजली फिटिंग का काम करते हैं और मौका मिलने पर घरों में चोरी करते थे। पुलिस से बचने के लिए भागने के दौरान गाड़ी से गिरने पर दोनों आरोपियों को हाथ-पैर टूट गए। दरअसल, कनाडिया बायपास पर गुरुवार रात दो लोगों ने एफआरवी के ड्राइवर अनिल चौधरी और पुलिसकर्मी अनिल कश्यप पर जानलेवा हमला कर घायल उन्हें घायल कर दिया था। आरोपी भाग निकले थे। पुलिस ने आरोपियों की तलाश की और उन्हें पकड़ा। आरोपी सोनू परमार और गोविंद मालवीय निवासी देवास बिजली फिटिंग का काम करते हैं। इसके साथ ही मौका पाकर घरों में चोरी करते। फिलहाल दोनों पुलिसकर्मी ठीक है।

# विद्यार्थियों ने सीखे नवाचार एवं उद्यमिता के गुर

## ❑ ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल कॉलेज की नवाचार काउंसिल ने देखा स्मार्ट सीड इंक्यूबेशन सेंटर

### शिक्षा मंत्रालय की पहल पर ऑक्सफ़ोर्डकॉलेज में पिछले माह बना इनोवेशन सेंटर




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल कॉलेज इंदौर के छात्रों ने स्मार्ट सीड इंक्यूबेशन सेंटर का दौरा किया। मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन इनोवेशन सेल और एआईसीटीई द्वारा संचालित 'इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल-ऑक्सफ़ोर्ड इंटरनेशनल कॉलेज, इंदौर' द्वारा इंक्यूबेशन सेंटर विजिट आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उद्यमिता और स्टार्ट-अप्स की अवधारणा को समझा।**

कॉलेज के 2 प्रभारी शिक्षकों के साथ 50 चुने हुए छात्रों ने एकसाथ यह अनुभव प्राप्त किया। एसएसआईसी के सीईओ प्रतीक याग्निक (आईआईएम-अहमदाबाद) ने छात्रों का उद्यमिता विकास ओरिएंटेशन सत्र लिया और स्टार्ट-अप के गुर सिखाए। विद्यार्थियों ने उक्त सेंटर में कार्यरत स्टार्ट-अप्स से भेंट की और अपना बढ़ाया। संस्था के समूह निदेशक डॉ. पुनीत कुमार द्विवेदी (हेड ऑफ इंस्टीट्यूट) ने विद्यार्थियों को इंक्यूबेटर भ्रमण के महत्व को समझाया। जानकारी सत्र में काउंसिल की प्रेसीडेंट डॉ. प्रिया जैन (प्राचार्य) एवं समन्वयक प्रो. दीक्षा विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे। संस्थान के अध्यक्ष अक्षांशु तिवारी ने उक्त पहल की प्रशंसा की।

# उधारी नहीं चुकाना पड़े, इसलिए बैंककर्मी की हत्या

## आरोपी ने साथियों के साथ मिलकर गला घोंटा, चेहरा पत्थर से कुचला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। उज्जैन में 2.5 लाख रुपए उधार लेने वाले युवक ने बैंककर्मी की हत्या कर दी। वह रकम नहीं लौटाना चाहता था। बैंककर्मी को सुनसान जगह ले जाकर उसने बातों में उलझाया। यहां पहले से छिपे बैठे दो साथियों को बैंककर्मी के गले में रस्सी का फंदा डालने का इशारा किया, इसके बाद गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। बाद में तीनों ने चेहरा पत्थरों से कुचल दिया।**

मामला घट्टिया थाना क्षेत्र के बिछड़ोद का है। यहां गुरुवार को यूको बैंक के अस्थायी कर्मचारी लखन राठौर (26) का शव मां भवानी मंदिर के पास सूलिया मार्ग पर नाले के किनारे मिला था। पुलिस ने इस मामले में शुक्रवार को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों की उम्र 18 से 23 साल के बीच है।

घट्टिया थाना पुलिस के मुताबिक, बैंककर्मी के गले पर निशान और सिर में गंभीर चोट थी। हत्या का केस दर्ज कर पड़ताल शुरू की। पता चला कि बुधवार रात लखन, गांव के ही अजय उर्फ भूरा बैरागी के साथ बाइक से उज्जैन रोड की ओर गया था। कुछ समय बाद वह घर आया और मोबाइल चार्ज पर लगाकर नाग मंदिर की ओर चला गया। घटना में अजय की कोई इन्वॉल्वमेंट नहीं मिली।

### पैसे लौटाने की बात कहकर साथ ले गया

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि पूछताछ आगे बढ़ाई तो पता चला कि लखन के घर के पास ही रहने वाले जितेंद्र उर्फ कालू बैरागी से उसका पैसे का लेनदेन था। जितेंद्र के साथी सुमित बोडना और राजू मारू से अलग-अलग पूछताछ की गई। सख्ती पर तीनों टूट गए। उन्होंने बताया कि लखन, जितेंद्र को उधार लौटाने के लिए टोक रहा था। जितेंद्र ने सुमित और राजू के साथ हत्या की साजिश रची।



प्लान के मुताबिक बुधवार रात 9 बजे जितेंद्र, लखन को उसके घर से कुछ दूरी से पैसे लौटाने की बात कहकर बाइक से ले गया। उसने लखन को बातचीत में उलझाया, दोनों साथियों को लखन के गले में रस्सी का फंदा डालने का इशारा किया, गला घोंटने के बाद आरोपियों ने पत्थरों से उसका चेहरा बिगाड़ दिया।

### युवक की पहचान करना आसान नहीं था

शव की शिनाख्त करने में ग्रामीणों को बड़ी मशक्कत करना पड़ी थी, क्योंकि युवक के सिर पर पत्थर से चोट के कारण चेहरा साफ दिखाई नहीं दे रहा था। फिर कुछ युवाओं ने कहा कि ये लखन जैसा दिखाई दे रहा है। इसके बाद लखन के बारे में तलाश की तो पता चला कि शव लखन का ही है।

### व्यापारियों और ग्रामीणों ने किया था चक्काजाम

गुरुवार को पोस्टमॉर्टम के बाद जब एंबुलेंस से बैंककर्मी का शव बिछड़ोद पहुंचा तो उसे मुख्य मार्ग पर ही रोक लिया गया था। लोगों ने शव एंबुलेंस से बाहर नहीं निकाला। नगर बंद कर मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया था। जब काफी देर तक पुलिस प्रशासन मौके पर नहीं पहुंचा तो ग्रामीणों ने पुलिस मुदार्बाद के नारे लगाए।

एडिशनल एसपी नीतेश भार्गव, डीएसपी भारत सिंह यादव, भविष्य भास्कर सहित थाना घट्टिया, राघवी, तराना का पुलिस बल मौके पर पहुंचा। एएसपी के आश्वासन के बाद लोगों ने चक्काजाम हटाया था। व्यापारियों और ग्रामीणों ने चेतावनी दी थी कि 48 घंटे में अगर आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया तो नेशनल हाईवे उज्जैन-कोटा मार्ग पर चक्काजाम करेंगे।

# सस्पेंड एएसआई की जहर खाने से मौत

## वीडियो में कहा- भाई, भाभी, मां ने जबरन पाइजन खिलाया; संपत्ति बंटवारे को लेकर था विवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खरगोन।** खरगोन में एक मामले में सस्पेंड चल रहे एएसआई की जहर खाने से मौत हो गई। अरक ने अस्पताल में एक वीडियो बनाया जिसमें उसने भाई-भाभी, भतीजे और मां पर जबरन जहर खिला देने का आरोप लगाया। उनका परिवार से पैतृक संपत्ति में बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। मामला ऊन थाना क्षेत्र के लेहुक में बुधवार शाम का है। एएसआई दिग्विजय सिंह चौहान (46) धार में 34 बटालियन में पदस्थ थे। वित्तीय अनियमितता के मामले में एक साल से सस्पेंड चल रहे थे। गुरुवार शाम को पहले उन्हें ऊन अस्पताल में ले जाया गया। यहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। देर रात करीब 1.30 बजे उनकी मौत हो गई।

### अस्पताल में पत्नी से बनवाया वीडियो

एएसआई चौहान ने अस्पताल में पत्नी छाया से वीडियो बनवाया। इसमें वे अपनी मौत के लिए बड़े भाई प्रताप चौहान, भाभी प्रमिला, भतीजा विनय व मां राजकौर चौहान को जिम्मेदार बता रहे हैं। अरक की पत्नी छाया ने आरोप लगाया कि पारिवारिक पैतृक संपत्ति में उन्हें हिस्सा नहीं दिया जा रहा है। गुरुवार को मेरे जेठ, जेठानी, सास व उनके बेटे ने विवाद किया और मारपीट की।

### वीडियो में कहा- चारो ने जबरन पॉइजन खिलाया

अस्पताल में एएसआई दिग्विजय सिंह चौहान ने करीब 1 मिनट 40 सेकंड का वीडियो बनाया। इसमें उन्होंने कहा कि मैं होशो-हवास में बयान दे रहा हूं कि 23 मई को मैं खरगोन से शाम 6 बजे अपने गांव लेहकू आया था। यहां भाई प्रताप चौहान व मां राजकोर बाई से मुलाकात हुई। उन्हें प्यार से समझाया कि मुझे बांटा हिस्सा दे दो, हमारा जमीन का विवाद चल रहा है। पर वह नहीं माने। बांटा हिस्सा देने से मना कर दिया। उन्होंने कहा बाड़े में घर में हिस्सा नहीं दूंगा। इससे विवाद बढ़ गया। मेरे बड़े भाई प्रताप चौहान, भतीजे विनय चौहान, भाभी प्रमिला चौहान और मां राजकुंवर ने मिलकर मुझे पकड़ लिया और पॉइजन खिला दिया। इसके बाद पुलिस को फोन लगाया। पुलिस को पैसे खिला दिए। मेरे बयान नहीं ले रहे हैं। जबकि इन्होंने पकड़कर छीना झपटी कर मुझे पॉइजन खिलाया है। मैं अस्पताल में हूं।

### पत्नी ने बताया- 27 लाख की निकली थी रिकवरी

एएसआई की पत्नी ने बताया पति वित्तीय अनियमितता के मामले में सस्पेंड चल रहे थे। 27 लाख रुपए की रिकवरी निकाली गई थी। 22 लाख रुपए जमा कर दिए। 5 लाख रुपए की जरूरत थी। इसी वजह से संपत्ति में हिस्सा मांग रहे थे। लेकिन संपत्ति का बंटवारा नहीं किया जा रहा था।

### एसपी बोले- खुद ही जहर खाया था

एसपी धनराज मीणा का इस मामले में कहना है कि सस्पेंड एएसआई ने खुद ही जहर का सेवन किया था। परिवार में संपत्ति बंटवारे को लेकर उनका विवाद है। वीडियो की जानकारी मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

## दो पक्षों में विवाद के बाद घर में लगाई आग,दो गाये जिंदा जली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** शहर के समीप ग्रामीण क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। गुर्जर समाज के दो पक्षों की आपसी लड़ाई में एक घर में आग लगा दी गई। इस घटना में दो गायों की जिंदा जलने से मौत हो गई। इनमे से एक गाय गाभिन थी। घटना के बाद बजरंग दल के कार्यकतार्ओं ने हाइवें पर जाम लगाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मामला घट्टिया थाना के पानबिहार चोकी अंतर्गत ग्राम पदमाखेड़ी का है। यहां रहने वाले ओमप्रकाश गुर्जर ने एक लड़की से लव मैरिज किया था जबकि उसकी सगाई 12 वर्ष पूर्व शाजापुर के पास देवीखेड़ा निवासी आत्माराम गुर्जर से हुई थी। इस मामले को लेकर आत्माराम ने पदमाखेड़ी के रहने वाले ओमप्रकाश गुर्जर घर जाकर विवाद किया और 90 लाख की मांग की। देर रात उसने ओमप्रकाश के कच्चे घर में आग लगा दी। इस आगजनी में घर में बंधी 2 गायों की जिंदा जलने से मौत हो गई।

# महिला किराएदार और नाबालिग ने दादी का गला घोंटा

## ❐ शव सीढ़ियों पर रखा, चूड़ियां पहनाईं, बताया- गिर गईं अफेयर का पता लगने पर मर्डर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर। सागर में नाबालिग पोते ने 60 साल की दादी का तौलिए से गला घोंटकर हत्या कर दी। महिला किराएदार भी आरोपी है। बुजुर्ग ने नाबालिग और महिला को आपत्तिजनक हालत में देख लिया था। उन्होंने परिवार को अफेयर के बारे में बताने की बात कही थी। इस पर उनकी हत्या कर दी गई।**

आरोपियों से झड़प के दौरान बुजुर्ग की चूड़ियां टूट गई थीं। आरोपी महिला ने उन्हें हटाकर अपने हाथ की चूड़ियां पहना दीं। शव सीढ़ियों पर रख दिया। घटना के समय घर में बुजुर्ग अकेली थीं। आरोपियों ने परिवार को बताया कि वो गिरकर बेहोश हो गईं। घटना मकरोनिया में 21 मई की है। पुलिस ने नाबालिग और महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने बताया, 21 मई को जिला अस्पताल से सूचना मिली थी। बुजुर्ग को परिवार वाले अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डॉक्टर ने चेकअप के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस को परिवार ने बताया था कि वे सीढ़ियों से गिरकर बेहोश हो गई थीं। लेकिन, डॉक्टर ने पुलिस को जब बताया कि बुजुर्ग के गले पर निशान मिले हैं, तो शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। 22 मई को पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में बुजुर्ग की गला घोंटकर हत्या होना पाया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की।

### अफेयर की बात परिवार को बताने जा रही थीं बुजुर्ग

मकरोनिया थाना प्रभारी शुभम दुबे ने बताया, परिवार से पूछताछ के बाद गुरुवार को बुजुर्ग के 17 साल के पोते और उनके घर किराए से रह रही मालती पटेल (35) को थाने लाकर पूछताछ की गई। सख्ती करने पर दोनों टूट गए। उनके रिलेशन की बात सामने आई।

## राजमाता को श्रद्धांजलि देने पहुंचे दिग्विजय सिंह : बोले-

# सिंधिया परिवार से मेरे पुराने परिवारिक रिश्ते हैं, राजमाता का जाना बेहद दुखद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। ग्वालियर में शुक्रवार शाम पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पहुंचे । वह महल के पिछले दरवाजे से अंदर आए और केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात कर राजमाता के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनको श्रद्धांजलि अर्पित की है। इस दौरान उनके साथ राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा सहित अन्य कांग्रेसी भी थे।**

श्रद्धांजलि देने बाद पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने कहा है कि सिंधिया परिवार से हमारे शुरू से परिवारिक रिश्ते रहे हैं। राजमाता विजयाराजे सिंधिया के समय से यह रिश्ते हैं। राजमाता का जाना बेहद दुखद है। यह क्षति न भरने वाली क्षति है। ज्योतिरादित्य सिंधिया जब तक आते दिग्विजय सिंह महान आर्यमन के पास बैठे

वह शाम 4 बजे ग्वालियर पहुंचे हैं और 5.15 बजे महल के जीवाजी क्लब वाले दरवाजे से अंदर दाखिल हुए हैं। करीब एक घंटा वह सिंधिया महल में रहे। वह केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, उनके सुपुत्र महान आर्यमन सिंधिया से भी बातचीत करते हुए नजर आए हैं। उन्होंने राजमाता माधवी राजे सिंधिया को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी है।

पूर्व सीएम व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने बाहर आकर मीडिया से बात करते हुए बताया कि मैं इस दुख की घड़ी में सिंधिया परिवार के साथ हूं। इस परिवार से मेरे परवारिक रिश्ते हैं। यह अभी से नहीं हैं बल्कि काफी पुराने हैं। राजमाता विजयाराजे सिंधिया के समय और उनसे पहले के हैं। राजमाता का निधन कभी न भरने वाली क्षति है। मैं ईश्वर से यही कामना करता हूं कि परिवार को दुख सहन करने की शक्ति दे।

### काफी देर तक महल परिसर में टहलते रहे दिग्विजय

दिग्विजय सिंह जब श्रद्धांजलि देने के बाद बाहर आए तो सीधे नहीं चले गए। वह काफी देर तक बाहर महल परिसर में टहलते रहे और कुछ चुनिंदा लोगों के साथ बतियाते भी नजर आए। इसके बाद वह जिस रास्ते से आए थे उसी से रास्ते से वापस रवाना हुए हैं।

## संपादकीय

# चिंता करने की जरूरत

हमारे जीवन में बहुत सारी बीमारियां स्वच्छता संबंधी आदतें न अपनाने और जीवाणु-रोधी उपायों पर गंभीरता से ध्यान न दे पाने की वजह से पैदा हो रही हैं। लांसेट पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन में कहा गया है कि अगर ठीक से संक्रमण रोकने संबंधी उपाय किए जाएं तो निम्न-मध्यम आय वाले देशों में करीब साढ़े सात लाख जान बचाई जा सकती है। इन उपायों में हाथों की सफाई, अस्पतालों और स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों में नियमित रूप से साफ-सफाई, उपकरणों का रोगाणुनाशन, पीने के लिए स्वच्छ जल मुहैया कराना, सही तरीके से साफ-सफाई रखना और बच्चों को सही समय पर टीके लगवाना शामिल है। अनुसंधानकर्ताओं के अंतरराष्ट्रीय दल ने अनुमान लगाया कि हर वर्ष दुनियाभर में होने वाली हर आठ मौत में से एक का कारण जीवाणु संक्रमण होता है। अनुसंधानकर्ताओं ने रोगाणुरोधी प्रतिरोध की स्थिति से प्रभावी तौर पर निपटने के लिए लोगों की एंटीबायोटिक तक आसान पहुंच मुहैया कराने का आह्वान किया है। अगर ऐसा न किया गया तो बच्चों को बचाने और उन्हें लंबे समय तक स्वास्थ्य रखने के संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को पूरा करने में मुश्किलें बनी रहेंगी। गर्भवती महिलाओं और बच्चों को नियमित टीके लगाकर करीब 1.82 लाख लोगों की जान बचाई जा सकती है। यह कोई कठिन काम नहीं है, मगर अफसोस कि एक बड़ी आबादी इन सुविधाओं से वंचित है। जिस तरह जलवायु परिवर्तन के खतरे बढ़ रहे हैं, उनका सबसे अधिक असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। नए-नए किस्म के जीवाणु पैदा हो रहे हैं और अगर समय रहते उन पर काबू न पाया जाए, तो वे जानलेवा साबित होते हैं। हालांकि अनेक संक्रामक रोगों पर काबू पाने के मकसद से गर्भवती महिलाओं और बच्चे के पैदा होने के बाद से ही टीके लगाए जाने शुरू हो जाते हैं। मगर इसमें भी बहुत सारे लोग अनजाने में या स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच न हो पाने के कारण लापरवाही बरतते देखे जाते हैं। पोलियो इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जिसमें वर्षों से पोलियो की खुराक दी जाने के बावजूद देश अभी तक पूरी तरह पोलियोमुक्त नहीं हो पाया है। मलेरिया, हेपेटाइटिस, जापानी बुखार जैसी बीमारियां जब-तब सिर उठा लेती और जानलेवा साबित होती हैं। इस सच्चाई से मुंह नहीं फेरा जा सकता कि हमारे देश की एक बड़ी आबादी प्रदूषित वातावरण में रहने और काम करने को मजबूर है। एक बड़ी आबादी आज भी पीने के साफ पानी से महरूम है। ऐसे में संक्रामक बीमारियों पर काबू पाना कठिन बना हुआ है। दूसरी बड़ी समस्या तमाम दावों और वादों के बावजूद सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं के बुनियादी ढांचे को संतोषजनक न बनाया जा सकना है। इसलिए एंटीबायोटिक दवाओं की उपलब्धता सभी तक संभव नहीं हो पाती। महानगरों में फिर भी कुछ बेहतर स्थिति देखी जा सकती है, पर ग्रामीण इलाकों के बहुत सारे लोग स्वच्छता उपायों के मामले में वंचित ही देखे जाते हैं। बड़ी आबादी को पीने का पानी तक उपलब्ध नहीं है, इसलिए नहाने-धोने, साफ-सफाई के मामले में लापरवाह देखे जाते हैं। उन इलाकों में जब संक्रामक रोग फैलते हैं, तो संभालना मुश्किल हो जाता है। यह अकारण नहीं है कि संक्रामक रोगों से ज्यादातर शिशु मृत्यु ऐसे ही इलाकों में होती है, जहां स्वच्छता की कमी है। लांसेट के ताजा अध्ययन पर सरकारें कितनी गंभीरता से ध्यान देंगी, देखने की बात है।




शेखचिल्ली की मां एक दिन किसी शादी में जाने के लिए घर से बाहर जाने लगी। उन्होंने जाने से पहले अपने बेटे को आवाज देते हुए कहा, "बेटा शेख तुम जंगल जाकर घास ले आना। फिर पड़ोसी को घास देकर पैसे ले लेना। तुम यहां ये काम करो और मैं शादी में जाकर तुम्हारे लिए मिठाइयां लेकर आऊंगी।" शेख चिल्ली ने खुशी-खुशी मां की बात मान ली।

शेख के दिमाग में अब घास लाने की बात नहीं, बल्कि मिठाइयां घूमने लगी। वो दिनभर मिठाइयों के ही सपने देखता रहा। कुछ घंटों बाद जैसे ही शेख की मां घर लौटी, तो उन्होंने अपने बेटे को बिस्तर पर लेटा देखा। उन्होंने उसे आवाज दी, लेकिन शेखचिल्ली तो अपने सपनों की दुनिया में खोया हुआ था।

उसकी मां ने उसका बिस्तर खिंचते हुए कहा कि तू सपनों की दुनिया में खोया हुआ है और मेरा घास वाला काम ऐसे ही छोड़ दिया। अब तू जब तक जंगल जाकर वो काम नहीं करेगा, तुझे मिठाई नहीं मिलेगी। मिठाई न मिलने की बात सुनकर शेख तुरंत उठकर जंगल चला गया। उसने जंगल जाकर सबकुछ ठीक वैसा किया जैसा उसकी मां ने कहा था। फिर घर आने के बाद उसने घास बेचने से मिले पैसे मां के हाथों में रख दिए।

मां ने भी खुश होकर उसे मिठाई दी। मिठाई खाते ही शेख को याद आया कि वो घास लाने के लिए जो खुरपी जंगल ले गया था, उसे वहीं छोड़ आया है। मिठाई खत्म करते ही वो जंगल की ओर खुरपी लेने के लिए भागा। जंगल पहुंचते ही उसे अपने सामने खुरपी दिखी। शेखचिल्ली मुस्कुराते हुए खुरपी को उठाने के लिए आगे बड़ा। जैसे ही शेख ने खुरपी को छुआ, तो वो जोर से चिल्लाया, क्योंकि खुरपी पर सीधी धूप पड़ रही थी, जिस वजह से वो बहुत गर्म थी।

शेखचिल्ली के मन में हुआ कि खुरपी इतनी गर्म है, तो इसका मतलब इसे बुखार आ गया है। शेख ने किसी तरह से खुरपी को उठाया और उसे लेकर सीधे एक हकीम के पास चला गया। वहां जाते ही शेखचिल्ली ने कहा, "देखिए! इस खुरपी को तेज बुखार हो गया है। इसका उपचार कीजिए।"

हकीम को शेख की ये बात सुनकर हंसी आई। उन्होंने मजाक में कह दिया कि हां, इसे तेज बुखार है, लेकिन इसका इलाज दवाई से नहीं होगा। तुम इसे किसी रस्सी में बांधकर पास के कुएं में ले जाओ और वहां पानी में दो-तीन बार डुबाकर निकाल लेना। ऐसा करने से इसका बुखार उतर जाएगा।

शेखचिल्ली ने ठीक वैसा ही किया। शेख ने पानी से खुरपी के निकालने के बाद छुआ, तो वो ठंडी थी। उसे लगा कि हकीम का इलाज असर कर गया और वो खुशी-खुशी खुरपी लेकर अपने घर चला गया।

कुछ दिनों बाद उसके पड़ोस में एक बूढ़ी महिला को तेज बुखार आ गया। सभी परिवार वाले परेशान होकर उसे हकीम के पास ले जा रहे थे। तभी रास्ते में शेखचिल्ली उन्हें मिल गया। उसने सब लोगों से पूछा कि आप लोग इतने परेशान क्यों हैं? उन्होंने शेख को बताया कि वो बुखार के इलाज के लिए हकीम के पास जा रहे हैं। बुखार शब्द सुनते ही शेख को खुरपी वाला किस्सा याद आ गया।

उसने सबसे कहा कि मुझे बुखार के इलाज का नुस्खा पता है। किसी को भी हकीम के पास जाने की जरूरत नहीं है। उसने बूढ़ी महिला के घरवालों को बताया कि इन्हें एक रिस्सी से बांधकर कुएं में एक दो बार डुबोकर निकाल लो। बुखार खुद उतर जाएगा। हैरानी में सबने शेख से पूछा कि क्या सच में ये नुस्खा हकीम साहब ने बताया है? शेख ने पूरे विश्वास के साथ कहा, "हां, बिल्कुल उन्होंने ही बताया है और इससे बुखार भी झट से उतर जाता है।"

सभी ने शेखचिल्ली की बात मानते हुए उस बूढ़ी महिला को रस्सी के सहारे कुएं में दो-चार बार डुबो दिया। कुछ देर बाद जब उन्हें बाहर निकाला, तो उनका पूरा शरीर ठंडा पड़ गया था। शेखचिल्ली ने उसे छुआ और खुशी में कहने लगा, "देखो! मैंने कहा था न कि बुखार पूरी तरह से उतर जाएगा।"

उस बूढ़ी औरत के घरवाले गुस्से में शेख पर चिल्लाने लगे। उन्होंने कहा कि तुम्हें नहीं पता कि ये दुनिया से ही चल बसी हैं, इसलिए इनका पूरा शरीर ठंडा हो गया है। शेख ने भी गुस्से में जवाब दिया कि मैंने बोला था कि इससे बुखार उतरेगा और वो उतर गया है। अब अगर इनकी जान चली गई है, तो उसमें मेरी नहीं उस हकीम की गलती है। आखिर ये नुस्खा हकीम का ही तो है।


अब सारे लोग गुस्से में हकीम के पास गए और उन्हें सारा किस्सा सुना दिया। यह सुनते ही हकीम ने दुखी होकर अपने सिर पर हाथ रख लिया। फिर धीमी आवाज में वो कहा, "अरे! भाई मैंने वो इलाज गर्म खुरपी को ठंडा करने के लिए बताया था। किसी इंसान का बुखार उतारने के लिए नहीं।"

हकीम की यह बात सुनते ही सब लोगों ने मिलकर शेखचिल्ली को खूब डांटा और उसे पीटने लगे। किसी तरह से सबसे बचकर शेख वहां से भाग निकला।

### कहानी से सीख

बिना सोचे समझे किसी की भी बात नहीं मान लेनी चाहिए। इससे खुद का ही नुकसान होता है।

### चित्र में रंग भरो



Chhattisgarh

# छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी बारूद फैक्ट्री में लगी आग कई किलोमीटर तक सुनाई दी धमाके की आवाज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी बारूद फैक्ट्री में शनिवार सुबह बड़ा धमाका हुआ. इसके बाद देखते ही देखते फैक्ट्री को आग ने अपनी चपेट में ले लिया. आग लगने की घटना बेमेतरा जिले से 70 किलोमीटर दूर बोरसी नाम के गांव में हुई है. बताया जा रहा है कि इस घटना में कई लोगों के मौत भी हुई है, वहीं कई गंभीर रूप से घायल हैं. हालांकि इसको लेकर मृतकों और घायलों को लेकर अभी कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है.**

उधर, घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची हैं. फिलहाल आग लगने का कारणों का नहीं चल पाया है. मौके पर एसडीआरएफ और पुलिस प्रशासन की टीमें भी पहुंची हैं और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया है. मौके पर एंबुलेंस भी बुलाई गई हैं. आग इतनी भीषण है कि कई काफी दूर तक इसकी लपटें देखी जा सकती हैं. वहीं फैक्ट्री में हुए धमाके की आवाज कई किलोमीटर तक सुनाई पड़ी.



बताया जा रहा है कि घटना में मृतकों की संख्या बड़ी हो सकती है क्योंकि घटना के समय कर्मचारी फैक्ट्री में ही मौजूद थे. वहीं आग की चिंगारियों से आसपास के रिहायशी इलाके को भी नुकसान पहुंचा है. धमाकों के बाद फैक्ट्री का मलबा दूर तक जाकर गिरा. इससे आसपास के लोगों भी दहशत में आ गए.

Maharashtra

पुणे पोर्श कार दुर्घटना

## नाबालिग आरोपी का दादा गिरफ्तार, ड्राइवर को धमकाने का आरोप



**पुणे, (एजेंसी) महाराष्ट्र के पुणे पोर्श कार दुर्घटना में महाराष्ट्र की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने नाबालिग आरोपी के दादा सुरेंद्र अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया है। उनके खिलाफ ड्राइवर को धमकाने का आरोप है। इससे पहल शुक्रवार की शाम को यरवदा पुलिस से अपराध शाखा को ट्रांसफर कर दी गई थी। वहीं, यरवदा पुलिस थाने के दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया था।**

पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने बताया कि इस हादसे के सिलसिले में समन्वित दृष्टिकोण लाने के लिए जांच को अपराध शाखा को हस्तांतरित कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि अपराध शाखा पहले से ही किशोर के पिता और शराब परोसने वाले दो प्रतिष्ठानों (जहां किशोर ने कथित तौर पर दुर्घटना से पहले दौरा किया था) के मालिक और कर्मचारियों के खिलाफ दर्ज अपराध की जांच कर रही थी।

आपको बता दें कि पुणे के कल्याणी नगर में रविवार तड़के पोर्श कार के नाबालिग चालक ने मोटरसाइकिल से जा रहे दो सॉफ्टवेयर इंजीनियरों को कुचल दिया था, जिससे दोनों की मौत हो गयी थी। पुलिस ने दावा किया कि वह नशे की हालत में कार चला रहा था। नाबालिग आरोपी रियल एस्टेट डेवलपर विशाल अग्रवाल (50) का बेटा है।

Uttarpradesh

## पिता की तेरहवीं पर घर पहुंचे बेटे ने भी तोड़ा दम, खून की उल्टियों के बाद हुई मौत

**बांदा.** उत्तर प्रदेश के बांदा में एक पुलिसकर्मी अपने पिता की तेरहवीं पर घर पहुंचा लेकिन उसी दिन उसकी भी मौत हो गई. बांदा में तैनात कांस्टेबल की मौत से पूरा पुलिस महकमा गम में डूब गया. कांस्टेबल रविशंकर पुखरायां डिप्टी एसपी ऑफिस में पेशकार के पद पर तैनात थे, बीते 4 दिन पहले पिता की तेरहवीं में हिस्सा लेने घर पहुंचे थे जहां उनको खून की उल्टियां हुईं. इसके बाद परिजनों ने उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गयी. बताया जा रहा है कि हेड कांस्टेबल लिवर की बीमारी से पीड़ित थे, इस घटना के बाद पुलिस-प्रशासन के अफसरों ने परिजनों को सांत्वना दी है और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया.



साभार आज तक

## मंदिर के घाट पर बने महिला चेंजिंग रूम के ऊपर लगा रखा था कैमरा, FIR के बाद महंत फरार

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के मुरादनग में गंगनहर स्थित शनि मंदिर घाट परिसर में बने महिला चेंजिंग रूम के ऊपर सीसीटीवी कैमरा लगाने का मामला सामने आया है। एक महिला ने इसकी शिकायत थाने में की है। आरोप है कि सीसीटीवी कैमरा महंत के मोबाइल से कनेक्ट था। इस घटना के बाद से महंत फरार है। पुलिस ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।



एक गांव निवासी एक महिला पुत्री के साथ गत 21 मई दोपहर करीब 3 बजे गंगनहर में स्नान करने के लिए आई थी। बताया जा रहा है कि नहाने के बाद महिला कपड़े बदलने के लिए घाट पर बने महिला चेंजिंग रूम में चली गई। उसका आरोप है कि जब वह कपड़े बदल रही थी तो उसकी नजर सीसीटीवी कैमरे पर पड़ी। कैमरे को चेंजिंग रूम की ओर फोकस कर रखा था। इससे चेंजिंग रूम की हर गतिविधि उसमें रिकॉर्ड हो रही थी। महिला ने जल्द अपने कपड़े बदले और यह बात महंत मुकेश गोस्वामी को बताई। महिला का आरोप है कि यह बात बताने पर महंत ने उसके साथ अभद्रता की और पुलिस में शिकायत करने पर देख लेने की धमकी दी।

महिला का यह भी आरोप है कि सीसीटीवी कैमरा महंत के मोबाइल से कनेक्ट है। महंत अपने मोबाइल पर ही चेंजिंग रूम में महिलाओं को कपड़े बदलते देखता है। उनका कहना है कि यह काफी समय से चल रहा है। उसकी नजर चली गई तो पता चल गया।

खेल

# आईसीसी ने टूर्नामेंट के लिए कमेंट्री पैनल का एलान किया, शास्त्री-कार्तिक भी शामिल

**दुबई। आईसीसी ने अगले महीने अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए एलीट कमेंट्री पैनल की घोषणा कर दी है। टूर्नामेंट के दौरान दुनिया भर के दिग्गज खिलाड़ी अपनी राय रखेंगे और मैच का विश्लेषण करेंगे। कमेंट्री पैनल में भारतीय खिलाड़ी दिनेश कार्तिक और रवि शास्त्री को भी शामिल किया गया है। कार्तिक आईपीएल 2024 सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए खेलते दिखे थे।**




### 'कमेंट्री पैनल का हिस्सा बनना शानदार अहसास'

कार्तिक ने आईसीसी से कहा, कई मायनो में यह टूर्नामेंट काफी अलग है जिससे ये और भी आकर्षित हो गया है। 20 टीमें, 55 मैच और कुछ नए आयोजन स्थल, ये अदभुत होने वाला है और मैं इसका हिस्सा बनने के लिए काफी उत्सुक हूं। ऐसी उच्च स्तरीय कमेंट्री पैनल का हिस्सा होना शानदार अहसास है और उन खिलाड़ियों के बारे में बात करना जिनके साथ मैं हाल ही में खेला हूं यह काफी दिलचस्प रहने वाला है।

**गावस्कर और हर्षा भोगले भी शामिल-** अन्य भारतीयों में हर्षा भोगले और सुनील गावस्कर को भी कमेंट्री पैनल में शामिल किया गया है। इनके अलावा इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन, इयान बिशाप और मेल जोंस भी कमेंट्री टीम का हिस्सा होंगे। गावस्कर और शास्त्री आईपीएल 2024 में भी कमेंट्री कर रहे हैं।

### किन दिग्गजों को मिली जगह?

दुनिया के कई पूर्व खिलाड़ी और विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे कुछ खिलाड़ी विश्व कप के दौरान विशेषज्ञ के रूप में नजर आएंगे। एबोनी रैनफोर्ड ब्रेंट, सैमुअल बद्री, कार्लोस ब्रेथवेट, स्टीव स्मिथ, आरोन फिंच और लिसा स्थालेकर भी मैचों को लेकर अपनी राय रखेंगे। अपनी कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया को वनडे विश्व कप की ट्रॉफी दिलाने वाले रिकी पोंटिंग, मैथ्यू हेडन, रमीज राजा, इयोन मोर्गन, टॉम मूडी और वसीम अकरम भी इस वैश्विक टूर्नामेंट के दौरान विशेषज्ञ टीम का हिस्सा होंगे। अमेरिकी कमेंटेटर जैमी ओ ब्रायन विश्व कप डेब्यू करेंगे। इनके अलावा डेल स्टेन, ग्रीम स्मिथ, माइकल आथर्टन, वकार यूनिस, साइमन डुल, शॉन पोलाक और कैटी मार्टिन भी शामिल होंगे।

सिनेमा

## पैसों के लिए गंदे रोल किए, फिर मांगती थी ऐसी दुआ, नीना गुप्ता का छलका दर्द, बताया- 'मुझे काम चाहिए' से क्या बदला



नीना गुप्ता, जो पंचायत के तीसरे सीजन में 'मंजू देवी' के रूप में अपनी भूमिका को फिर से निभाने के लिए तैयार हैं. 'पंचायत 3' 28 मई को रिलीज हो रही है. हाल ही में उन्होंने अपने जीवन के कई पहलुओं के बारे में बात की. लोग उन्हें इंडस्ट्री में अक्सर 'विद्रोही स्टार' और 'बोल्ड एक्ट्रेस' कहकर बुलाते थे. उन्होंने साफ किया कि वह उन्हें जो भी विशेष नाम दिए गए वह उनसे बिलकुल भी मेल नहीं खाती. नीना ने हाल ही में अपने पुराने दिनों के याद किया और बताया 'मुझे काम चाहिए' वाले पोस्ट के बाद उनकी जिंदगी में क्या बदलाव आया. नीना गुप्ता बॉलीवुड की वो एक्ट्रेस हैं, जो हमेशा अपने मन की बात कहने के लिए जानी जाती हैं. नीना ने हाल ही में खुलासा किया इंडस्ट्री में शुरुआती दिन उनके लिए कितने मुश्किल भरे थे. उन्होंने हाल ही में बताया कि उनके एक पोस्ट 'मुझे काम चाहिए' के बाद क्या बदला. उनकी यात्रा प्रेरणादायक रही है, लेकिन इसमें उतार-चढ़ाव भी आए. एक्ट्रेस का कहना है कि वह आखिरकार अपने जीवन में एक ऐसी जगह पर हैं, जहां वह भूमिकाओं के लिए मना कर सकती हैं. उन्होंने कहा, 'हिसाब की जरूरत है से यह बदल गया है. पहले जरूरी था पैसा. ज्यादा पैसों के लिए बहुत बुरे काम करने पड़ते थे. कई बार मैं भगवान से प्रार्थना करती थी कि ये पिक्चर रिलीज ही ना हो.

## Highlights

1. **Jaishankar mistakenly reaches wrong polling booth to cast his vote in Delhi**
2. **Pune teen's grandfather, who confined driver and forced him to take blame, arrested**
3. **What's NHCX, single under-trial platform for health insurance claims?**
4. **Which cities were the hottest on Friday as Rajasthan's Phalodi saw 49°C temperature?**
5. **Indian-origin truck driver who killed 16 in accident to be deported**

# chips post best week in nearly three months, led by financials, metals

**BENGALURU, (Agency).** Indian benchmarks ended flat on Friday, but logged their best week since early February, driven by gains in financials and metal stocks.

The blue-chip NSE Nifty 50 and S&P BSE Sensex ended the session 0.05% and 0.01% lower, but gained 2.2% and 2.02% on the week.

Seven of the 13 major sectors ended in the green.

Heavyweight financials advanced 1.7% during the week, posting the second straight weekly gain. Top Nifty gainer HDFC Bank added 3.6% in its best week since early April.

The weekly rise in Indian benchmarks was fuelled by foreign investors dialling back bearish bets on domestic equities ahead of the



June 4 election results, as well as the Reserve Bank of India's record dividend to the government.

"Both factors have boosted sentiment. With surplus liquidity coming back to the system, there's a much lower requirement for the government to raise more funds via bonds," said Aishwarya Dadheech, the founder and chief investment officer at Fident Asset Management.

Foreign investors bought 121,500 contracts of index futures on a net basis on the NSE on Thursday for a notional value of 72 billion rupees and invested 46.54 billion rupees in the cash market, per exchange data. "Despite the short covering, foreign investors are still net short, which can lead to positive momentum for the Nifty in the forthcoming week," said Vikram Kasat, head - advisory at Prabhudas Lilladher.

The auto index added 2.6%, gaining for the fifth straight week.

# Adani Ports to included in Sensex from June 24, Wipro out of benchmark

**NEW DEIHI, (Agency).** Adani Ports will be included in Sensex from June 24 while Wipro will be excluded, the BSE said as it announced its semi-annual rebalancing exercise in which changes were made to BSE 100, Sensex 50, Sensex Next 50 indices. With this, Adani Ports is the first stock from the 10-pack Adani Group to enter the



30-pack Sensex. In the Nifty50 index, there are two Adani stocks - Adani Ports and Adani Enterprises.

From S&P BSE 100 index Page Industries, SBI Cards, ICICI Prudential Life Insurance, Jubilant FoodWorks, Zee Entertainment Enterprises will be replaced by REC Ltd, HDFC AMC, Canara Bank, Cummins India, Punjab National Bank.

Moreover, Trent will replace Divi's Labs in Sensex 50 as well.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक